Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- coe@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज,उ0प्र0

Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांक : प्रोरासिविवि/कुसका/2023– 1385 दिनांक : 04 नवम्बर, 2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त अनुदानित/राजकीय/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सम्बद्ध–प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,
प्रयागराज।

विषयः शैक्षिक सत्र 2023–24 के स्नातक/परास्नातक/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर की प्रायोगिकी/मौखिकी परीक्षाओं के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उक्त के सम्बन्ध में पूर्व में निर्गत पत्र संख्या– प्रोरासिविवि/कुसका/2023–1670 दिनांकः 02 नवम्बर, 2023 का अवलोकन करना चाहें, जिसके माध्यम से सत्र 2023–24 के स्नातक/परास्नातक/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर की प्रायोगिकी/मौखिकी परीक्षाओं को कराये जाने हेतु परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 01 नवम्बर, 2023 के निर्णय से अवगत कराया गया था।

इस सम्बन्ध में प्रायोगिक परीक्षाओं के सम्बन्ध में निम्नानुसार निर्देश इस आशय से प्रेषित किये जा रहे हैं कि इनका चरणबद्ध ढंग से क्रियान्वयन कराया जाना सुनिश्चित करें।

1. जिन विषयों के प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न करायी जानी है, उनके आंतिरिक एवं बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति तीन दिवस पूर्व करते हुए महाविद्यालय की लॉगिन से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. नियुक्त किये गये परीक्षकों (आंतरिक एवं बाह्य) के सम्बन्ध में समस्त विवरण पूरित करना अनिवार्य होगा।
3. प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा आंतरिक एवं बाह्य परीक्षकों की उपस्थिति में करायी जायेंगी।
4. प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा कराये जाने के लिए पृथक से प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा YouTube चैनल बनाया जाना अनिवार्य होगा तथा परीक्षाओं की लाइव स्ट्रीमिंग करते हुए परीक्षाओं की रिकार्डिंग YouTube चैनल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
5. प्रायोगिक/मौखिक परीक्षाओं की लाइव स्ट्रीमिंग करते हुए रिकार्डिंग की पेनड्राइव उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में करायी गयी परीक्षाओं के अवार्ड मान्य नही होंगे।

कृपया उक्तानुसार कार्यवाही दिनांक 16 नवम्बर, 2023 से 25 नवम्बर, 2023 के मध्य अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(संजय कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. मा0 कुलपति जी।
2. प्रभारी एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित की उक्त पत्र को समस्त महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

कुलसचिव

पताः सरस्वती हाई–टेक सिटी, नैनी, प्रयागराज–211010 (उ0प्र0)
Address : Sarswati Hi-Tech City, Naini, Prayagraj-211010 (U.P.)